# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 जुलाई 2024 **7:20 AM**

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कल जारी किया नीट–यूजी का संशोधित रिजल्ट।
- उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों के लिए परीक्षाओं की तारीख हुई घोषित। 23 से 25 अगस्त तक लगातार, फिर 30 और 31 अगस्त को होगी परीक्षा।
- कांवड़ यात्रा को देखते हुए मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और हापुड़ में कक्षा 12 तक के सभी स्कूल आज से 2 अगस्त तक रहेंगे बंद।
- अवैध वसूली में संलिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ बलिया में हुई कार्रवाई। नरही थानाध्यक्ष सहित उन्नीस पुलिसकर्मी किये गये निलंबित। एसपी और एएसपी हटाये गये।
- पेरिस ओलंपिक की आज होगी औपचारिक शुरूआत। भारत के एक सौ सत्रह सदस्यीय दल में शामिल हैं उत्तर प्रदेश के छह खिलाड़ी।

**********

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कल नीट–यूजी का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी नीट डॉट एनटीए ऑनलाइन डॉट इन पर अप्लीकेशन नम्बर और जन्मतिथि डाल कर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। यह रिजल्ट सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद आया है, जिसमें परीक्षा में भौतिकी के एक प्रश्न पर आईआईटी दिल्ली से परामर्श के बाद चौथे विकल्प को सही चुना गया था। साथ ही परीक्षा रद्द करने और उसे दोबारा आयोजित करने की याचिकाएं खारिज कर दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने कहा था कि अब तेरह लाख छात्रों की रैंक बदल जायेगी।

**********

प्रदेश सरकार ने हाल ही में निरस्त की गई पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तारीख घोषित कर दी हैं। अब इसकी लिखित परीक्षा अगले महीने तेइस, चौबीस, पच्चीस अगस्त और तीस व इकतीस अगस्त को होगी। परीक्षा का आयोजन सम्बन्धित तिथियों पर प्रतिदिन दो पालियों में होगा। प्रत्येक पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से निःशुल्क बस सेवा की सुविधा दी जायेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के चलते छात्रों की मांग पर निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा निरस्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि यह परीक्षा छः माह के अंदर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के अनुसार पुनः आयोजित कराई जाए।

**********

उन्तीस जुलाई से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के मॉनसून सत्र में प्रदेश सरकार दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार प्रयागराज में कुंभ की तैयारियों के लिये धनराशि का आवंटन करेगी। साथ ही अन्य विभागों की जरूरी परियोजनाओं को पूरा करने के लिये भी अनुपूरक बजट में प्राविधान किया जायेगा। वित्त विभाग की ओर से अनुपूरक बजट लाने की तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

**********

उत्तर प्रदेश में हाथरस भगदड़ जैसी कोई घटना दोबारा न हो इसके लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने भीड़ प्रबंधन और भगदड़ से बचाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की है। इसके तहत अब प्रदेश में जिला, रेंज और जोन स्तर पर अलग–अलग एकीकृत प्रणाली बनेगी। डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, फायर बिग्रेड और स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप से इंटिग्रेटेड सिस्टम को अपडेट भी किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि कार्यक्रमों की परमिशन देने वाले अधिकारी और स्थानीय पुलिस पहले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे। सुरक्षित आवागमन के साथ संभावित खतरों आग, बिजली, सड़क दुर्घटना और दम घुटने जैसी स्थिति के आकलन के आधार पर आपातकालीन योजना तैयार करेंगे।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह जन समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए तहसीलदार और उपजिलाधिकारी का तैनाती वाली तहसील में निवास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जो तहसीलदार और उपजिलाधिकारी अपनी तैनाती की तहसील में निवास करते हुए न पाया जाए उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

**********

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज सुल्तानपुर एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश होंगे। दो हजार अट्ठारह में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उन पर मानहानिका केस दर्ज हुआ था। इस मामले में आज राहुल गांधी का बयान दर्ज होना है।

**********

प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर और हापुड़ में कावड़ यात्रा को देखते हुए छब्बीस जुलाई यानी आज से दो अगस्त तक कक्षा बारह तक के स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया है। इसे लेकर जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे। मेरठ में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि इस दौरान अगर कोई भी स्कूल और कॉलेज खुला पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। पेश है हमारी प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***कांवड़ियें हरिद्वार और गोमुख से गंगाजल लेकर वापस लौटने लगे है। 2 अगस्त को शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। कांवड़ मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी गई है और जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा 26 जुलाई से सभी प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक व डिग्री कॉलेज 2 अगस्त तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।***

उधर, सहारनपुर में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए मंडलायुक्त डॉ. ह्रषिकेश भास्कर ने कल एक पोर्टल लॉन्च किया। मंडलायुक्त ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से कांवड़ यात्री अपने नजदीकी चिकित्सा शिविर, शौचालय, पानी और पैट्रोल स्टेशन, ढाबा, रेस्टोरेंट, थाना, चौकी, रूट डायवर्जन और कांवड शिविर सहित हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**********

अवैध वसूली में संलिप्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ कल बलिया में बड़ी कार्रवाई हुई। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी और डीआईजी आजमगढ़ की संयुक्त टीम ने बलिया के नरही थानाक्षेत्र के भरौली तिराहा पर चल रहे अवैध वसूली के संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया। मामले में पुलिस कर्मियों की संलिप्तता पाये जाने पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नरही थानाध्यक्ष कोरंटाडीह चौकी प्रभारी सहित तीन उपनिरीक्षक, तीन मुख्य आरक्षी, दस आरक्षी और एक आरक्षी चालक को निलंबित कर दिया। कार्रवाई के दौरान दो पुलिस कर्मी सहित सोलह दलालों को गिरफ्तार किया गया जबकि तीन पुलिस कर्मी भाग निकले। निलंबित पुलिस कर्मियों के आवास को सील करते हुए सभी के विरूद्ध मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

**********

पेरिस ओलंपिक की औपचारिक शुरुआत आज होगी। इसमें भारत का एक सौ सत्रह सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के छह खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें तीन खिलाड़ी मेरठ की हैं, जो अलग अलग खेलों में हिस्सा लेंगी। इनमें मेरठ के इकलौता गांव से पारूल चौधरी दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं तीन हजार मीटर स्टीपलचेज और पांच हजार मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। वहीं, मेरठ की एथलीट प्रियंका गोस्वामी बीस किलोमीटर पैदल चाल और रेसवॉक मिक्स्ड रिले में हिस्सा लेंगी। इसी तरह मेरठ के ही बहादुरपुर गांव की रहने वाली अन्नू रानी भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। इनके अलावा सहारनपुर की एथलीट प्राची चौधरी चार सौ मीटर की रिले रेस में अपना दम दिखाएंगी। भारतीय हॉकी टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ी वाराणसी के ललित कुमार उपाध्याय और करमपुर के राजकुमार पाल शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक ग्यारह अगस्त तक चलेगा।

**********

कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए हाथरस के जवान सुभाष चंद्र का शव कल घर पहुंचा। हाथरस में शहीद का पूरे सैन्य सम्मान के साथ सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। जिले के सहपऊ थाना क्षेत्र के गांव नगला मनी के रहने वाले सुभाष चंद्र कश्मीर के राजौरी में सात जाट रेजीमेंट में तैनात थे। पिछली तेईस जुलाई को राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में जवान सुभाष चंद्र शहीद हो गए थे।

**********

देश आज कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग सभी जिलों मे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। इससे पहले कल कारगिल विजय दिवस की पूर्व सध्या पर लगभग सभी जिलों में रैलियों और संगोष्ठियों का आयोजन कर के कारगिल के शहीदों को याद किया गया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य और अप्रतिम साहस के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दी है।

**********